QUICK NEWS

हावड़ा में हुसैन की रैली में पत्थरबाजी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. बिहार के लघु उद्योग मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन की हावड़ा रैली में पत्थरबाजी की घटना सामने आई. खुद शाहनवाज हुसैन ने इसकी जानकारी दी है. मीडिया से बातचीत करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मंगलवार को हावड़ा में उनकी रैली चल रही थी रैली में भीड़ को देखकर टीएमसी के गुंडे बौखला गए और पत्थरबाजी शुरू कर दी. इस घटना में भाजपा का एक कार्यकर्ता भी घायल हो गया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

नड्डा की 2 रैलियां रद्द होने को लेकर चर्चाएं

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बंगाल में होने वाली 2 रैलियों को रद्द कर दिया था. कहा जा रहा है कि भीड़ कम जुटने के कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस रैली में नहीं आए. ये दोनों रैलियां बंगाल के हुगली इलाके में होने वाली थीं, जहां 10 अप्रैल को चौथे चरण में वोट डाले जाएंगे. इन रैलियों को भाजपा ने आपात स्थिति का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था. हालांकि पार्टी के सूत्रों ने बताया कि दोनों रैलियों में कम भीड़ आने के कारण नड्डा ने ऐन मौके पर रैली में आने से मना कर दिया. हालांकि कुछ नेताओं ने बताया कि संगठन के काम के चलते नड्डा को कोलकाता में ही रुकना पड़ गया, जिसकी वजह से वो यहां नहीं आ सके. वहीं हुगली के कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनाव से 5 दिन पहले लोगों की कम भीड़ के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली को रद्द करना पड़ा है, यह शुभ संकेत नहीं है.

EC ने 8 विस क्षेत्रों से अधिकारी हटाए

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. चुनाव आयोग ने कोलकाता में आठ विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों को हटा दिया है. इन क्षेत्रों में बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल और 29 अप्रैल को अंतिम दो चरण के मतदान होंगे. चौरंगी, एंटाली, भवानीपुर, बेलियाघाट, जोड़ासांको, श्यामपुकुर, काशीपुर-बेलगछिया और कोलकाता पोर्ट विधानसभा क्षेत्रों में नए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है.

BJP स्टेडियम से बाहर

बंगाल में तीसरे चरण के चुनाव के बाद ममता का दावा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. बंगाल में तीसरे चरण की वोटिंग हो चुकी है. तीसरे चरण की वोटिंग के बाद टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अपनी जीत का दावा किया है. उत्तर बंगाल के कूचबिहार में चुनाव प्रचार में उतरी ममता बनर्जी ने कहा, तीसरे चरण की वोटिंग के बाद हमें पूरा विश्वास है टीएमसी ही जीत रही है. बीजेपी स्टेडियम से बाहर हो रही है. जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कूचबिहार में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा पर भी हमला बोला. इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कूचबिहार में जनसभा की थी और बीजेपी की सरकार बनाने के लिए बंगाल की जनता से अपील की थी. इसके साथ ही पीएम मोदी ने बीजेपी की जीत का दावा किया था. आज ममता बनर्जी ने पीएम मोदी के वादे पर हमला बोला. बनर्जी ने कहा, कूचबिहार में वो चुनाव के बाद विकास की बात कर रहे हैं. मगर कुछ करेंगे नहीं. सिर्फ झूठा आश्वासन दे रहे हैं. आरटीआई से भी उनके झूठ का पर्दाफाश हुआ है.

मतदाताओं को रिझा रहे हैं मुंबई के नेता

चुनावी घमासान

पश्चिम बंगाल चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है. पार्टी ने अपने दिल्ली से लेकर गल्ली तक के नेताओं को चुनाव प्रचार में उतार दिया है. मुंबई सहित महाराष्ट्र के तमाम नेता एवं विधायक पश्चिम बंगाल के विभिन्न इलाकों में मतदाताओं को आकर्षित करने का काम कर रहे हैं. कोलकोता एवं आस पास के शहरों में बड़ी संख्या में रहने वाले हिंदीभाषियों को रिझाने की जिम्मेदारी मुंबई के उत्तर भारतीय नेताओं को सौंपी गयी है. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर महाराष्ट्र एवं मुंबई के 50 से अधिक नेता, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी इन दिनों पश्चिम बंगाल में डेरा जमाए हुए है. इनमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े, विजय पुराणिक, पूर्व मंत्री आशीष शेलार, विधायक अभिमन्यू पवार, सिद्धार्थ शिरोले, मुंबई भाजपा महासचिव संजय उपाध्याय, सुहास अडिवलेकर, सिद्धार्थ डोंगरे, अमित शेलार, मनोज चौबे, एल बी पाल, श्रीकांत पाढ़ी एवं शुभ्रांशु दीक्षित का नाम शामिल है. भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि कोलकाता में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लोग रहते हैं. जिसको देखते हुए मुंबई के उत्तर भारतीय नेताओं को भी पश्चिम बंगाल के चुनाव में हिंदी भाषी इलाकों में प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है.

भाजपा ने मोदी की सभा में 1,000 के कूपन बांटे

बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच अब कूपन विवाद शुरू हो गया है. तीसरे फेज के मतदान के बाद तृणमूल और लेफ्ट ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों का समर्थन खरीदने के लिए 1 हजार के कूपन बांट रही है. हालांकि, भाजपा ने इन आरोपों से इनकार किया है. तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर इन कूपन के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि मोदी इसी तरह घर-घर पहुंच रहे हैं. इलेक्शन कमीशन से अपील है कि इस पर एक्शन लें और इसे यूं ही न जाने दें. तृणमूल और लेफ्ट का कहना है कि भाजपा 1,000 के कूपन के जरिये लोगों को अपने पाले में खींच रही है. दोनों ही पार्टियों ने कहा कि 1 अप्रैल को ज्योनगर में मोदी की रैली में शामिल होने के लिए यह रकम दी गई है. इसके साथ ही भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए भी ये कूपन बांटे गए हैं. ग्रामीणों के हवाले से बताया गया है कि ये कूपन मोदी की रैली में शामिल होने के लिए बांटे गए. वादा किया गया कि कूपन के जरिये गांववालों को निश्चित ही एक तोहफा दिया जाएगा. साउथ 24 परगना के रायदीघी में भाजपा समर्थकों के हाथ में कूपन नजर आए. इनमें 1,000 रुपये का जिक्र है और मोदी की फोटो लगी है.

खेत के रास्ते भागीं TMC प्रत्याशी

बंगाल विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन टीएमसी उम्मीदवार को गांव वालों के गुस्से का सामना करना पड़ा. आरमबाग सीट से टीएमसी उम्मीदवार सुजाता मंडल को गांव वालों ने लाठी लेकर गांव से भगा दिया. एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सुजाता मंडल खान खेतों में अपने समर्थकों के साथ भागती हुई नजर आ रही हैं और उनके पीछ दर्जनों लोग डंडे लेकर आ रहे हैं. घटना के बाद सुजाता ने इसके लिए बीजेपी को जिम्मेदार बताया. उन्होंने कहा कि उन पर ईंटों से हमला किया गया. टीएमसी उम्मीदवार ने कहा कि कुछ लोग मास्क लगाकर आए थे, जिन्होंने उनके ऊपर हमला किया. उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के एक दिन पहले भी भाजपा के गुंडों ने महिला मतदाताओं को धमकाया था. सुजाता बीजेपी सांसद सौमित्र खान की पत्नी हैं. टीएमसी में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है. घटना की टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने चुनाव आयोग के सामने शिकायत की है.

चुनाव परिणाम देंगे भाजपा को झटका

राजनीति में कांग्रेस पार्टी में राहुल का कद बढ़ेगा

नवभारत ब्यूरो

दिल्ली. पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे और भाजपा के पूरब से दक्षिण तक सत्ता विस्तार के सपने को तगड़ा झटका लग सकता है. मूलतः यह चुनाव कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों की अस्मिता बचाने का चुनाव है. चार राज्यों के के लिए मतदान पूर्ण होने के बाद कांग्रेस ने दावा किया है कि असम व केरल में वह सरकार बनाने जा रही है, तो पुडुचेरी में वह अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन के साथ कड़े मुकाबले के बावजूद सत्ता में आएगी. तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी व असम के चुनाव परिणाम ईवीएम में कैद हो गए हैं, लेकिन मंगलवार को चार राज्यों में भारी मतदान के प्रतिशत बताते हैं कि सभी जगह सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है. असम से भाजपा, केरल में एलडीएफ और तमिलनाडु में एक दशक से काबिज अन्नाद्रमुक सरकार की विदाई तय है. मीडिया कवरेज से इतर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक महामारी कोरोना, गिरती जीडीपी, ध्वस्त अर्थव्यवस्था, किसान आंदोलन, बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस ने हाल के वर्षों में बहुत ही आक्रामक ढंग से चुनाव लड़ा है. वहीं चुनाव पूर्व तमाम सर्वे एजेंसियों के निष्कर्ष भी संकेत करते हैं कि तमिलनाडु में कांग्रेस-द्रमुक सत्ता में आ रही है. असम और केरल में कांग्रेस का भाजपा व एलडीएफ के साथ कड़ा मुकाबला है, लेकिन सत्ता विरोधी लहर कांग्रेस के पक्ष में जाती लग रही है.

'कांग्रेस मुक्त भारत' नारे की निकलेगी हवा

पुडुचेरी पड़ेगा भारी

पुडुचेरी में जरूर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन कांग्रेस पर भारी पड़ सकता है. यहां 79 प्रतिशत वोट पड़े हैं, जिसे भाजपा अपने पक्ष में मान रही है. बंगाल ही एकमात्र राज्य है, जहां भाजपा 10 वर्षों से सत्तारूढ़ टीएमसी के साथ कांटे की लड़ाई में है. विश्लेषकों का मानना है कि 5 राज्यों के चुनाव कांग्रेस और राहुल गांधी को मजबूती दे सकते हैं, तो वहीं तृणमूल कांग्रेस, अन्नाद्रमुक और वाम दलों के भविष्य का भी फैसला करेंगे. असम में कांग्रेस का एकमात्र नकारात्मक पहलू यह है कि उसके पास मुख्यमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं था, लेकिन एआईयूडीएफ, बोडो लैंड और वाम दलों के साथ उसका महागठबंधन तमाम मुद्दों के साथ सीएए को लेकर भाजपा पर भारी रहा.

JDU ने उतारी स्टार प्रचारकों की फौज

नीतीश पर सस्पेंस

नवभारत न्यूज नेटवर्क

पटना. जेडीयू ने बंगाल में चौथे चरण के चुनाव में अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी करते हुए पूरी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है. जेडीयू की तरफ से स्टार प्रचारकों का बंगाल जाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है. बंगाल चुनाव के प्रभारी गुलाम रसूल बलियावी पहले ही बंगाल में चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं. अब पार्टी के स्टार प्रचारक बनाए गए नेता भी रवाना हो चुके हैं. बहुत जल्द स्टार प्रचारक के साथ-साथ कई और कार्यकर्ता भी बंगाल चुनाव प्रचार के लिए जाने वाले हैं. बंगाल में नीतीश कुमार चुनाव प्रचार करने जाएंगे या नहीं, ये तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है लेकिन बाकी जो स्टार प्रचारक हैं, वो बारी-बारी से बंगाल में अपना दमखम दिखाने की तैयारी में हैं. पार्टी के सांसद संतोष कुशवाहा और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार भी बंगाल के लिए अपने समर्थकों के साथ रवाना हो चुके हैं. प्रचार के लिए जाने से पहले संतोष ने कहा कि जेडीयू पूरी मजबूती से बंगाल में चुनाव लड़ रही है और बंगाल की जनता की नजर में नीतीश कुमार के लिए बेहद सम्मान है. जेडीयू को पूरी उम्मीद है कि बंगाल के चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन शानदार होगा.

टैंकर खाई में गिरा, 2 की मौत

जम्मू, ए. जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में एक तेल टैंकर के फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से 2 व्यक्तियों की मौत हो गयी और 2 अन्य घायल हो गये. देर रात करका में तीखे मोड़ पर चालक का टैंकर से नियंत्रण हट गया और वाहन खाई में जा गिरा. टैंकर रियासी से दुग्गा जा रहा था. बचावकर्मी तत्काल बचाव एवं राहत कार्य में जुट गये और उन्होंने मोहिंदर पाल और ध्यान सिंह के शवों को बाहर निकाला.

कश्मीर में तिरंगा फहराने के आदेश पर भड़कीं महबूबा

डरे हुए हैं सरकार में बैठे लोग

नवभारत न्यूज नेटवर्क

श्रीनगर. केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की ओर से सभी सरकारी भवनों में तिरंगा झंडा फहराए जाने के आदेश पर महबूबा मुफ्ती ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है. उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि राज्य प्रशासन के दिल में असुरक्षा की भावना है. देश में कहीं भी राज्यपाल ऐसा आदेश जारी नहीं करते. फिर कश्मीर में यह आदेश क्यों जारी किया गया है. उन्होंने कहा कि यह फैसला बताता है कि सरकार में बैठे लोग डरे हुए हैं, उनमें असुरक्षा की भावना है. उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में किसी को भी अपनी बात रखना जुर्म हैपूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप भी लगाया कि कश्मीर में किसी को भी अपनी बात रखने की आजादी नहीं है. बीते दिनों उपराज्यपाल ने आदेश जारी किया था कि जम्मू-कश्मीर के सभी सरकारी भवनों पर 15 दिनों के अंदर तिरंगा झंडा फहराया जाए. जब इस बारे में महबूबा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं इस पर क्या बोलूं. कहीं न कहीं इनके (केंद्र सरकार के) दिल में गैर यकीनियत (अविश्वास की भावना) है. इन लोगों में असुरक्षा की भावना है. पूरे देश में कोई भी राज्यपाल ऐसा आदेश जारी नहीं करता तो फिर जम्मू-कश्मीर में ऐसा क्यों?

मंत्री वेलुमणि पर मामला

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोयंबटूर. तमिलनाडु के नगर पालिका प्रशासन मंत्री एस पी वेलुमणि के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का एक मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि मंत्री राज्य में मतदान के दिन अन्नाद्रमुक का झंडा लगी अपनी कार कथित रूप से एक मतदान केंद्र के समीप तक ले गये थे जोकि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. थोंडामुथूर विधानसभा क्षेत्र के जोनल अधिकारी राजा मोहम्मद ने शिकायत दर्ज करायी. इसी निर्वाचन क्षेत्र से वेलुमणि चुनाव लड़ रहे हैं. पुलिस के अनुसार यह देखा गया कि मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर गये मंत्री ने एक शॉल ओढ रखी थी जिस पर अन्नाद्रमुक का निशान था. यह भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन था.

केरल में चुनाव के बाद झड़प, 1 की मौत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कन्नूर. केरल में कुथुपरम्पा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के बाद माकपा और आईयूएमएल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में गंभीर रूप से घायल हुए यूथ लीग के 22 वर्षीय कार्यकर्ता की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि फर्जी मतदान के आरोपों पर पराल इलाके में झड़प हुई थी. यूथ लीग के कार्यकर्ता मंसूर को पैर में गंभीर चोंटें आईं और उसे कोझीकोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. यूथ लीग विपक्षी दल कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के मुख्य सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की युवा इकाई है. झड़प में मंसूर का भाई एवं यूडीएफ का चुनावी एजेंट भी घायल हो गया था. आईयूएमएल ने आरोप लगाया कि माकपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उन पर बम फेंके. इससे पहले उन्होंने मंसूर भाइयों पर धारदार हथियार से हमला किया.

सत्ता में लौटेंगे : सोनोवाल

न्यूज एजेंसियां

गुवाहाटी. असम में विधानसभा चुनाव समाप्त होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने भरोसा जताया कि भाजपा नीत गठबंधन राज्य में बेहतर जनादेश के साथ राज्य में सत्ता में लौटेगी. उन्होंने कहा कि 3 चरणों में हुए चुनाव बहुत हद तक शांतिपूर्ण रहे और यह दिखाता है कि दशकों के उग्रवाद और हिंसा के बाद उनकी सरकार असम में शांति बहाल करने में सफल रही है. सोनोवाल ने कहा, हम अधिक सीटों के साथ सत्ता में लौटेंगे. यह पिछले 5 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा किए गए अथक विकास कार्यों के चलते है. असम में मतदान 27 मार्च, 1 अप्रैल और 6 अप्रैल को हुए थे. चुनाव प्रक्रिया में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और यह दिखाता है कि लोगों ने भारत के सामावेशी लोकतंत्र में फिर से अपना विश्वास जताया है.

कांग्रेस ने स्ट्रांग रूम के CCTV फुटेज मांगे

असम कांग्रेस ने मांग की कि पूरे प्रदेश में स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी फुटेज उम्मीदवारों को उपलब्ध कराए जाएं. प्रदेश कांग्रेस प्रमुख रिपुन बोरा ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नितिन खाडे को एक पत्र लिखकर यह मांग की. उन्होंने कहा कि जिन स्ट्रॉंग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) रखी गयी हैं, वहां के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच मुहैया करायी जाए ताकि यह प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी बन सके. कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर भाजपा के निर्देशों के अनुसार काम करने का भी आरोप लगाया. बोरा ने कहा, विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के बाद, जब ईवीएम से जुड़े कई मुद्दे सामने आए थे, तब चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया था कि तीसरे चरण में ऐसी कोई घटना नहीं होगी.

महाराष्ट्र की विश्वसनीयता को लगा धक्का : गडकरी

दिल्ली, ए. महाराष्ट्र में एक पुलिस कमिश्नर द्वारा एक गृहमंत्री पर 100 करोड़ रुपए की वसूली करने का आरोप लगने के बाद गृहमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा. आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है.

रेल भूमि विकास प्राधिकरण
(रेल मंत्रालय, भारत सरकार का सांविधिक प्राधिकरण)
यूनिट नं. 702-बी, 7वां तल, कन्नेक्टस टॉवर-2, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 फोन: +91-11-23232854, फैक्स : +91-11-23232835,

ई-निविदा के माध्यम से प्रस्ताव हेतु अनुरोध
(आरएफपी सूचना सं. आरएलडीए/आरएफपी/सीडी-12 ऑफ 2021 दिनांक 30.03.2021)

भुसावल में स्टेशन रोड पर अमर स्टोर के पीछे स्थित 3017 वर्ग मीटर रेलवे भूखण्ड को वाणिज्यिक विकास हेतु 45 वर्षों के लिए पट्टा अवधि पर देना

भूमि	क्षेत्रफल	निर्मित क्षेत्र	बोली सुरक्षा	आरक्षित मूल्य
भुसावल में स्टेशन रोड पर अमर स्टोर के पीछे	3017 वर्ग मीटर	7950 वर्ग मीटर	रु. 25.00 लाख	रु. 7.50 करोड़

वैबैक्स पर ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठक: 16 अप्रैल, 2021 को 11:30 बजे
(ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठक से संबंधित जानकारी के लिए संयुक्त महाप्रबंधक/परियोजना-3 से सम्पर्क करें)
ऑनलाइन ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 28.05.2021 को 15.00 बजे तक
परियोजना के विस्तृत विवरणों के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.rlda.indianrailways.gov.in** या ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.tenderwizard.com/RLDA** पर शीर्षक 'ई-टेंडर' के अंतर्गत देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित से सम्पर्क कर सकते हैं:

संयुक्त महाप्रबंधक/परियोजना-3	महाप्रबंधक/परियोजना-3	ई-बोली पूछताछ हेतु श्री सूरज
मो: 99680 75459	मो: 97172 75534	मो: 95996 53865
jgmreup2@rlda.railnet.gov.in	dinesh.pandey17@nic.in	suraj@etenderwizard.com

नोट: कोई शुद्धिपत्र या परिशिष्ट केवल रेभूविप्रा की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा

उपमहाप्रबंधक/निविदा
(मोबाइल:7703918078)

वैष्णो देवी नारियल चढ़ाने और टीका लगाने पर रोक

माता के दर पर फिर कोरोना का 'अड़ंगा'

नवभारत न्यूज नेटवर्क

जम्मू. देशभर में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान बढ़ते मामलों के बीच माता वैष्णो देवी के दरबार में एक बार फिर सख्ती कर दी गई है. इसके तहत नारियल व प्रसाद चढ़ाने के साथ मां की पवित्र पिंडियों के दर्शन के दौरान पुजारियों द्वारा टीका लगाने पर रोक लगा दी गई है. इसके अलावा कुछ फुट की दूरी से ही मां के दर्शन की अनुमति दी जा रही है. सूत्रों के अनुसार कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते यह कदम उठाया गया है. हालांकि इस तरह की रोक कोरोना महामारी के चलते पहले भी थी, जिसे हालात में थोड़ा सुधार के बाद हटा दिया गया था. मगर कोरोना की दूसरी लहर के चलते श्राइन बोर्ड कोई खतरा नहीं उठाना चाहता है. अधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए एहतियातन ये कदम उठाए गए हैं. देश की राजधानी दिल्ली को माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी दिल्ली-कटड़ा एक्सप्रेस-वे परियोजना के दो हिस्सों कीड़ियां गंडियाल से सक्ताचक और सक्ताचक से सांबा सेक्शन के लिए निविदा (टेंडर) की प्रक्रिया इसी माह शुरू होगी. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 15 अप्रैल से इसके लिए टेंडर करवाने की तैयारी में है. जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने पर 432.3 किलोमीटर मार्क से 588.5 किलोमीटर तक एक्सप्रेस-वे का विस्तारीकरण होने वाला है.

1,100 भारतीय सिख तीर्थ यात्रियों को पाक का वीजा

नवभारत ब्यूरो

दिल्ली. 12 से 22 अप्रैल के बीच वार्षिक बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए पाकिस्तान ने 1100 भारतीय सिख तीर्थ यात्रियों को वीजा जारी किया है. पाकिस्तान उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान सरकार ने पंजाबी और सिखों के लिए बैसाखी पर्व के महत्व के देखते हुए यह फैसला किया है. यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दोनों देशों के रिश्तों में कुछ बदलाव आया है. भारत और पाकिस्तान की सेनाएं पिछले दिनों 2003 के सीजफायर समझौते को लागू करने पर सहमत हुई हैं. पिछले दिनों पाकिस्तान ने भारत से कपास और चीनी आयात को मंजूरी दी थी. हालांकि, विपक्ष और अपने ही कुछ मंत्रियों के दबाव में इमरान सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा. धार्मिक यात्रा पर भारत और पाक के बीच 1974 में स्थापित प्रॉटोकॉल के तहत हर साल बड़ी संख्या में सिख तीर्थ यात्री त्योहारों को मनाने के लिए पड़ोसी देश में जाते हैं.

पश्चिम रेलवे
विविध कार्य

ई-निविदा सूचना : बीसीटी/21-22/06, **कार्यकारी :** डीईएन (ईएसटी/दक्षिण) बीसीटी, दिनांक : 06.04.2021, **कार्य एवं स्थान :** कोलाबा-बधवार पार्क- बधवार पार्क ऑफिसर्स कॉलोनी में ऑफिसर्स ऑक्युपेशन फ्लैट्स के परिवर्तन हेतु मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,34,10,678.07. **ईएमडी रु. :** 0. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 30.04.2021 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** 30.04.2021 को 15.30 बजे. निविदा कागजात शुल्क (अप्रतिदेय), ईएमडी, योग्यता मापदंड, समान प्रकार के कार्य, विस्तृत निविदा शर्तों युक्त कार्य के विस्तृत स्वरूप की जानकारी के लिये कृपया **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. **0006**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मिरा-भाईंदर महानगरपालिका
स्व. इंदीरा गांधी भवन, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग, ता. जि. ठाणे-४०१ १०१

जा.नं. मनपा/साबां/निविदा/०४/२०२१-२२ दि. ७/४/२०२१

// निविदा सुचना क्र. ०४ //

मिरा-भाईंदर महानगरपालिका हद्दीत भाईंदर (प.) प्रभाग क्र. १ मधील विविध ठिकाणी सी.सी. रस्ते व गटार दुरुस्ती करणे व गणेश देवल नगर येथील समाज मंदिरावर पत्राशेड उभारणे. **(स्थायी समिती सभापती निधी)** या कामी ऑनलाईन निविदा मागविण्यात येत आहेत. निविदा सुचना व निविदा प्रपत्र मिरा-भाईंदर महानगरपालिकेचे संकेतस्थळ **https://mahatenders.gov.in** येथे दि. ०९/०४/२०२१ ते दि. ०३/०५/२०२१ रोजी दुपारी १२.०० वाजेपर्यंत आहेत. ऑनलाईन महानगरपालिकेचे संकेतस्थळ **https://mahatenders.gov.in** येथे दि. ०४/०५/२०२१ रोजी दु. १२.०० वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येतील.

जा.क्र. मनपा/जनसंपर्क/१५/२०२१-२२
दि. ७/४/२०२१
ठिकाण :- भाईंदर
दिनांक :- ०६/०४/२०२१

सही/-
कार्यकारी अभियंता (सा.बां)
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका

पश्चिम रेलवे
विभिन्न सिविल अभियांत्रिकी कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 की ओर से निम्नलिखित विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

अ. क्र.	निविदा सूचना क्र. एवं तिथि	कार्य एवं स्थान	कार्य की अनुमानित लागत ₹ में
1.	बीसीटी/21-22/03 दि. 05.04.2021	विरार – सूरत अनुभाग :- ब्रि. नं. 88, 90, 91, 161, 164, 434, 373, 420, 445 कुल स्पैन = 54 हेतु प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी स्लैब्स द्वारा 9.15एम तक स्पैन के जीर्णशीर्ण स्टील गर्डर्स का प्रतिस्थापन, के संबंध में विरार-जोरावासन अनु. :- ब्रि. नं. 88, 90, 91, 161, 164, कुल स्पैन = 40 पर प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी स्लैब्स द्वारा 9.15 एम तक स्पैन के जीर्णशीर्ण स्टील गर्डर्स का प्रतिस्थापन.	₹ 7,98,80,027.69
2.	बीसीटी/21-22/04 दि. 05.04.2021	सीसीजी-वीआर अनुभाग : ब्रि. नं. 20, 43, 46, 61, कुल स्पैन = 40 हेतु 9.15 एम प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी स्लैब्स तक स्पैन के जीर्णशीर्ण स्टील गर्डर्स का प्रतिस्थापन.	₹ 8,00,45,054.39
3.	बीसीटी/21-22/05 दि. 05.04.2021	सीसीजी-वीआर अनुभाग : ब्रिज नं. 5, 31 एवं 40 कुल स्पैन=13 नग हेतु प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी स्लैब्स द्वारा 9.15 एम तक के स्पैन के जीर्णशीर्ण स्टील गर्डर्स का प्रतिस्थापन.	₹ 3,49,05,101.76

टिप्पणी : कार्यकारी : अ. क्र. : 1. वरि. डीईएन (एन) बीसीटी, **अ. क्र. : 2 एवं 3.** डीईएन (दक्षिण) बीसीटी, **जमा करने की तिथि एवं समय :** 30.04.2021 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** 30.04.2021 को 15.30 बजे तक
निविदा दस्तावेज शुल्क (अप्रतिदेय), ईएमडी, योग्यता मापदंड, समान प्रकार के कार्य, विस्तृत निविदा शर्तों युक्त कार्य के विस्तृत स्वरूप की जानकारी के लिये कृपया **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. **0005**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज
पत्रांकः एस/सेल/611/ई-नीलामी/21/22
दिनांक-06.04.2021
ई-नीलामी सूचना संख्या 1 में प्रथम बार संशोधन
सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त अप्रैल-2021 में सा.भ.डिपो, झाँसी द्वारा आयोजित होने वाली ई-नीलामी कार्यक्रम की तिथि **12.04.2021 के स्थान पर दिनांक 13.04.2021** की जाती है तथा दिनांक **19.04.2021 की एक अतिरिक्त तिथि** निर्धारित की जाती है। ई-नीलामी कार्यक्रम की अन्य तिथियों नियम व शर्तें यथावत् रहेगी। 322/2021 V
24X7 यात्री सेवा हेल्पलाइन नं.: 138

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400 021.

सूचना

एतत्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक की नीचे उल्लिखित प्रतिभूतियों के शेयर/बांड प्रमाणपत्र इनके पंजीकृत धारकों/भावी धारकों द्वारा हस्तांतरण विलेखों के विधिवत निष्पादन के बाद/के बिना खो गए हैं/लापता हो गए हैं. उन्होंने बैंक से इनके डुप्लीकेट प्रमाणपत्र अपने नाम जारी करने का अनुरोध किया है. यदि किसी व्यक्ति का इन शेयरों/बांडों पर दावा है तो वे अपनी दावेदारी बैंक के ट्रांस्फर एजेंट मेसर्स अलंकित असाइनमेन्ट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्पलेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055, (ईमेल पता: sbi.igr@alankit.com)